# हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह 2025

## 29.09.2025

## भा.वा.अ.शि.प - वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर

भा.वा.अ.शि.प - वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर में 29 सितम्बर 2025 को हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया। हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु 14-28 सितंबर तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया। 14-15 सितंबर को राजभाषा विभाग द्वारा गुजरात में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में संस्थान की ओर से श्रीमती पूंगोदै कृष्णन, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के द्वारा भाग लेकर समारोह की शुरुआत की गई। उसके बाद संस्थान में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे हिन्दी प्रश्नोत्तरी, हिन्दी निबंध लेखन, हिन्दी शब्दों का व्यवस्थिकरण आदि का आयोजन किया गया। इस समारोह में सभी कर्मचारियों ने हर्षोल्लास से भाग लिया। इस अवसर पर श्री रामबाबू कुमार, मुख्य प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कोयंबत्तूर मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सर्वप्रथम राजभाषा कार्यान्वियन समिति के सदस्य श्रीमती के.शांति, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने निदेशक, मुख्य अथिति एवं सभा में उपस्थित सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों और कर्मचारियों का हार्दिक स्वागत किया। इसके उपरान्त श्रीमती आर.जी.अनीता, तकनीकी अधिकारी ने सभी के समक्ष वर्ष 2024-25 की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पेश की।

डाँ.आर.यशोधा, प्रभारी निदेशक, भा.वा.अ.शि.प - वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर ने अपने भाषण में हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पखवाड़ा हर साल यह याद दिलाता है कि हिन्दी हमारी राजभाषा है और हमें इसका सम्मान करना चाहिए। हिन्दी सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि यह हमारे देश की पहचान है। हिन्दी भाषा एक-दूसरे को आपस में जोड़ती है और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करती है। इस पखवाड़े का उद्येश्य यही है कि हम सभी हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करें और कोशिश करें कि हमारी फाइलों, पत्रों आदि में अधिक से अधिक हिन्दी का प्रयोग करें। जिन लोगों के लिए मातृभाषा हिन्दी नहीं है, उनके लिए यह सीखने और प्रयोग करने का अच्छा अवसर है। आगे हिन्दी पखवाड़े के विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को शुभकमनाएं दी।

मुख्य अथिति श्री रामबाबू कुमार महोदय जी ने विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया। हिन्दी पखवाड़े के दौरान हिन्दी टेलेंट शो (Talent show) आयोजित किया गया था जिसमें अनेक कर्मचारियों ने हिन्दी में अपनी प्रतिभा व्यक्त की। उन सभी को भी प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। पुरस्कार वितरण के बाद मुख्य अथिति ने अपने भाषण में संस्थान के

द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन में की गई प्रगति के लिए सभी को बधाई दी और कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा है इसलिए सभी को हिन्दी सीखने का प्रयास करना चाहिए। विजेताओं को बधाईयाँ दी और कहा कि इसी तरह राजभाषा से संबन्धित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर उसके प्रचार-प्रसार में अपना योगदान देते रहे।

अंत में श्रीमती पूंगोदै कृष्णन, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने धन्यवाद प्रस्ताव किया और राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## हिन्दी पखवाड़ा समारोह की कुछ झलकियां











